
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 24.07.2023 से 29.07.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# स्थायी वित्त समिति की बैठक

(दिनांक 24.07.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आज यहां हुई स्थायी वित्त समिति की बैठक में खेल विश्वविद्यालय हरियाणा, राई, सोनीपत के भवन व अन्य निर्माण कार्यों के लिए 100 करोड़ रुपये की ग्रांट जारी करने की स्वीकृति प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री जी अपने वर्ष 2023–2024 के बजट अभिभाषण में सर्वोच्च अंतर्राष्ट्रीय प्रथाओं को अपनाकर राई, सोनीपत में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर, स्पोर्ट्स साइंस, स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी, स्पोर्ट्स मैनेजमेंट, स्पोर्ट्स पोषण और खेल शिक्षा जैसे खेलों से संबंधित विभिन्न विषयों में अनुसंधान और अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए 'हरियाणा खेल विश्वविद्यालय' स्थापित करने का निर्णय लेने की जानकारी सदन को दी थी और आशा व्यक्त की थी कि खेल विश्वविद्यालय वर्ष



# साप्ताहिक सूचना पत्र

2023–24 में काम करना शुरू कर देगा। इसी कड़ी में आज अपने वायदे को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के लिए स्थायी वित्त समिति में 100 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की जिसमें 50 करोड़ रुपये ऋण के रूप में अनुदान तथा 50 करोड़ रुपये ग्रांट इन ऐड के रूप में शामिल हैं।

उन्होंने कहा पैसे के अभाव के कारण अब कोई भी गरीब बच्चा उच्चतर शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। विश्वविद्यालय ऐसे बच्चों की परिवार पहचान पत्र के डाटा से वार्षिक आय की श्रेणी निर्धारित करें। प्रदेश सरकार ऐसे गरीब बच्चों की फीस वहन करेगी। बैठक में विश्व विद्यालय के कुलपति श्री एस.एस देसवाल ने माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत करवाया कि हरियाणा खेल विश्वविद्यालय 254 एकड़ भूमि पर स्थापित किया जा रहा है। वर्ष 2023–24 में 100 करोड़ रुपये, 2024–25 में 230 करोड़ रुपये, 2025–26 में 200 करोड़ रुपये तथा 2026–27 में 100 करोड़ रूपए खर्च किये जायेंगे। कुल 630 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव है। विश्वविद्यालय में खेल विज्ञान में पीएचडी, एमएसई, बीएसई के नियमित कोर्स होंगे। इसके अलावा 50 सीटों पर 42 दिन का फिटनेस सर्टिफिकेट कोर्स भी आरंभ करने का प्रस्ताव है। एमएसई की 20, बीएसई की 50, पीएचडी की 5 सीटें होंगी।

हरियाणा के युवा सेना, अर्ध–सैनिक बल व पुलिस में भर्ती होने के लिए व शारीरिक तौर पर तैयारी करने के लिए प्राइवेट एजेंसियों के पास जाते हैं जहां पैसे भी अधिक लिए जाते हैं। विश्वविद्यालय कम पैसे में कोर्स करवाएगा। उन्होंने इस बात की भी जानकारी दी कि वर्तमान में देश में पटियाला, इम्फाल, चेन्नई व वडोदरा में खेल विश्वविद्यालय संचालित हैं। इसके अलावा समिति ने लाला लाजपतराय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्व विद्यालय हिसार के लिए 105 करोड़ रूपए जारी करने की स्वीकृति प्रदान की।

# कुरूक्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित इलाकों का दौरा और अधिकारियों के साथ बैठक

(दिनांक 25.07.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज मंगलवार को देर सायं गांव भिवानी खेड़ा में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के उपरांत सेक्टर–7 कृषि विभाग के सभागार में अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर कहा कि राज्य सरकार की तरफ से फसल का पूरी तरह नुकसान होने पर प्रति एकड़ 15 हजार रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही धान की दोबारा रोपाई करने वाले किसानों की फसल का अधिकारियों की टीमों द्वारा सर्वे और वेरिफिकेशन का कार्य तुरंत प्रभाव से शुरू कर दिया जाएगा और 31 जुलाई के आसपास इसकी रिपोर्ट तैयार कर ली जाएगी। इसके बाद धान की दोबारा रोपाई करने वाले किसानों को भी रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा



दिया जाएगा।

कुरुक्षेत्र जिला के गांव भिवानी खेड़ा में 10 एकड़ भूमि पर जल्द ही वीएलडी कॉलेज का निर्माण कार्य शुरु कर दिया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए ग्राम पंचायत की तरफ से पहले ही 10 एकड़ भूमि लाला लाजपतराय वेटनरी विश्वविद्यालय हिसार के नाम कर दी है।

बाढ़ के पानी से 12 जिले प्रभावित हुए है। प्रदेशवासियों को चिंता करने की जरुरत नहीं है। इन 12 जिलों में सरकार और प्रशासन ने लोगों को हर संभव राहत पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बाढ़ के पानी से प्रभावित क्षेत्रों में पूरी तरह खराब हो चुकी फसल का पंजीकरण करवाया जा रहा है और पूरी तरह फसल खराब होने पर सरकार की तरफ से 15 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा भी दिया जाएगा। जिन किसानों की खेतों से पानी उतर चुका है, उनके नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में भिवानी खेड़ा गांव में जायजा लेने के उपरांत यह विषय सामने आया कि कुछ किसान अब दोबारा धान की रोपाई कर रहे हैं। इस विषय को जहन में रखते हुए अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं कि दोबारा रोपाई करने वाले किसानों की फसलों का तुरंत सर्वे किया जाए और वेरिफिकेशन की जाए।

इसके साथ ही मेरी फसल—मेरा ब्योरा पोर्टल पर प्रावधान किया जाएगा। इस पोर्टल पर दोबारा फसल की रोपाई करने वाले भी अपना पंजीकरण करवा सकेंगे। इसके बाद सही आंकड़े मिलने के बाद फसलों के नुकसान का पूरा डाटा सामने आएगा, क्योंकि दोबारा रोपाई करने वाले किसान का बीज, खाद और रोपाई पर खर्चा जरूर आया होगा।

इसलिए इन किसानों को भी मुआवजे के रूप में कुछ न कुछ राशि जरूर दी जाएगी। इस कार्य को 31 जुलाई के आसपास पूरा कर लिया जाएगा और कुरुक्षेत्र में लगभग 15 हजार एकड़ में फसल का नुकसान हुआ है।

# अखंड गीता पीठ द्वारा अमृत वर्षा कार्यक्रम का शुभारंभ

(दिनांक 25.07.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज कुरुक्षेत्र में अखंड गीता पीठ शाश्वत सेवा आश्रम ट्रस्ट में आयोजित सम्पूर्ण गीता प्रवचन अमृत वर्षा कार्यक्रम शुभारंभ के अवसर पर कहा कि सदगुरु महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी शाश्वतानंद गिरि महाराज के प्रयासों से कुरुक्षेत्र में सम्पूर्ण गीता अमृत वर्षा कार्यक्रम का आयोजन करना एक धार्मिक कार्य है। धार्मिक कार्यों से पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश लोगों तक पहुंचेंगे और लोगों में अच्छे विचार पैदा होंगे। सदगुरु महा–मंडलेश्वर डॉ. स्वामी शाश्वतानंद गिरि महाराज के प्रयासों से देश–विदेशों में भी पवित्र ग्रंथ गीता को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके चलते पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश आमजन मानस तक पहुंच रहे है। इससे पहले माननीय मुख्यमंत्री जी सदगुरु महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी शाश्वतानंद गिरि महाराज, विधायक श्री सुभाष सुधा,



विधायक रामकरण काला, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर ने मंत्रोच्चारण के बीच सम्पूर्ण गीता प्रवचन अमृत वर्षा का शुभारंभ किया और चार धाम चंडी शिला पूजन व आरती में भी भाग लिया। सेवा कार्यों के लिए अपने निजी कोष से 11 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की है। कार्यक्रम में सदगुरु महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी शाश्वतानंद गिरि महाराज ने अपने प्रवचनों के माध्यम से पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों का गुणगान किया। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ बैठक

(दिनांक 26.07.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने निवास संत कबीर कुटीर पर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों व प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ बैठक कर कहा कि सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली को त्वरित करने के लिए और योजनाओं का लाभ सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटे बिना जनसाधारण को मिले, इसके लिए ऑनलाइन सिस्टम आरंभ किया है, जो कारगर सिद्ध हो रहा है। अभी हाल ही में भारी बारिश व बाढ़ के कारण जान गंवाने वाले 35 लोगों के परिवारों को आर्थिक सहायता के तौर पर राज्य सरकार ने 4–4 लाख रुपये की राहत राशि प्रदान की है। इतनी जल्दी इस प्रकार से राहत राशि को पहुंचाना केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने सभी से विधानसभावार सरकारी योजनाओं के संबंध में फीडबैक और सुझाव लिए। अप्रैल, 2023 से आरंभ किए



गए इस विशेष संवाद कार्यक्रम में अब तक 7 लोकसभा क्षेत्रों की 63 विधान सभाओं के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध व्यक्ति और विभिन्न प्रशासनिक सचिव एक साथ बैठकर सरकारी योजनाओं व विकास कार्यों के बारे चर्चा कर चुके हैं।

इसके अलावा, जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध व्यक्तियों द्वारा अब तक माननीय मुख्यमंत्री जी को प्रतिवेदन, सुझाव के रूप में 14 हजार से अधिक कागजात मिले हैं, जिनका उन्होंने स्वयं अध्ययन किया है और अब हर चीज का रिकॉर्ड रखा गया है। इस कार्यक्रम की व्यवस्था इस प्रकार की है कि एक लोकसभा क्षेत्र में 9 विधानसभा क्षेत्र प्रड़ते हैं और जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध व्यक्तियों तथा वरिष्ठ अधिकारियों को 9 ग्रुपों में बांटा गया था, ताकि हर ग्रुप 2–3 योजनाओं पर विस्तार से चर्चा कर सके।

जब माननीय मुख्यमंत्री जी ने उपस्थित लोगों से इस प्रकार अधिकारियों के साथ हुई बैठक के अनुभवों के बारे में पूछा तो एक व्यक्ति ने कहा कि आपने अपने तजूर्बे के आधार पर यह व्यवस्था की है, जो काफी सराहनीय है। जनसाधारण तो कभी सोच भी नहीं सकता कि चंडीगढ़ में इतने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सीधे बैठ कर चर्चा कर सकते हैं।



# प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र राष्ट्र को समर्पित

(दिनांक 27.07.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री ने राजस्थान के सीकर से 1 लाख 25 हजार प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र राष्ट्र को समर्पित करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार जताया। आज उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं क़िस्त भी जारी की है। इससे हरियाणा के हजारों किसानों को भी फायदा होगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने पीएम किसान



सम्मेलन में की गई घोषणाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र सरकार सही मायनों में किसान हितैषी सरकार है। हरियाणा में भी केंद्र सरकार की योजना का हू–ब–हू अनुसरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों से किसानों को खेती से जुड़ी जरूरतों जैसे उर्वरक, बीज, कीटनाशक, मशीनरी, मिट्टी जांच व उपकरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इन केंद्रों में किसानों को कृषि से जुड़ी अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यूरिया गोल्ड–सल्फर कोटेड यूरिया का शुभारंभ किया जा रहा है जिससे अधिक पैदावार होगी। इससे पहले भी नीम कोटेड यूरिया उपलब्ध करवाई जा रही थी।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत केंद्र सरकार ने 2.60 लाख करोड़ रुपये की राशि अब तक सीधे किसानों के खाते में डाली है।

# महेंद्रगढ़ जिला अटेली में जनसंवाद कार्यक्रम

(दिनांक 28.07.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने शुक्रवार को महेंद्रगढ़ जिला में अटेली विधानसभा क्षेत्र के कनीना कस्बे की अनाजमंडी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर सबसे पहले गरीब का अधिकार है। केंद्र व हरियाणा सरकार ने अपने साढ़े 8 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में अंतिम व्यक्ति की सेवा के साथ विकास के अनेक कार्य किए हैं। इससे पहले माननीय मुख्यमंत्री जी ने कनीना अनाज मंडी परिसर से 11 करोड़ 16 लाख 88 हजार रुपए की लागत से तैयार छः सड़कों का उदघाटन किया। उन्होंने क्षेत्र के विकास से जुड़ी अनेक परियोजनाओं की घोषणा की। इनमें कनीना में रेलवे फाटक का निर्माण, कस्बे में गंदे पानी की निकासी के लिए सीवरेज लाइन, स्ट्रीट लाइट्स



# साप्ताहिक सूचना पत्र



की मरम्मत, अटेली विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के विकास के लिए 25.19 करोड़ रुपए, महेंद्रगढ़ से रेवाड़ी वाया कनीना सड़क के लिए 12 करोड़ रुपए, कनीना से महेंद्रगढ़ के लिए 14 किमी लम्बाई वाली सड़क के लिए 12.20 करोड़ तथा कनीना–अटेली सड़क की मरम्मत व सुदृढ़ीकरण के लिए 26.5 करोड़ रुपए आदि परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार गरीबों के लिए कार्य कर रही है। सबका साथ–सबका विकास के साथ हमारी सरकार कार्य कर रही है। सरकार की सोच है कि विकास के साथ–साथ हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलायें ताकि राष्ट्र का विकास हो और विश्व की तरक्की हो। माननीय मुख्यमंत्री जी ने 176.24 लाख रुपए की लागत से तैयार कैमला से धनौंदा नई सड़क का उद्घाटन किया। इसके अलावा लगभग 285.86 लाखों रुपए की लागत से तैयार स्याना से बागोत सड़क, लगभग 119.57 लाख रुपए की लागत से तैयार स्याना से चांग रोड तक (जिला सीमा तक) नई सड़क, लगभग 314.25 लाख रुपए की लागत से तैयार रसूलपुर से चेलावास तक सड़क, लगभग 149.15 लाख रुपए

की लागत से तैयार गुढ़ा से गुढ़ा की ढाणी (मोहनपुर रास्ता) तक सड़क व लगभग 71.81 लाखों रुपए की लागत से तैयार मोहनपुर (कनीना–अटेली रोड) से ककराला गांव की सीमा तक बनी सड़क का उद्घाटन किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान गांव सुंदरह में सरपंचों की मांग पर घोषणा की कि जो ग्राम पंचायत 2 एकड़ भूमि उपलब्ध करवा देगी वहां पर हर गांव में व्यामशाला खोली जाएगी और सभी व्यामशालाओं में योग सहायक नियुक्त किए जाएंगे। इसके अलावा जिस गांव में जिस भी खेल में खिलाड़ियों की रूचि है, वहां पर मिनी स्टेडियम बनाए जाएंगे। खेल विभाग सभी स्टेडियमों की मैपिंग कर रहा है। उन्होंने कहा कि 25 सड़कों में से 8 सड़कों का काम चालू हो गया है तथा 17 सड़कों का टेंडर हो चुका है। इन पर भी जल्द ही काम चालू हो जाएगा। उन्होंने गांव में व्यामशाला





बनवाने, 12 रास्तों को पक्का करवाने व गांव सुंदरह को बुचावास बिजली सब डिवीजन से कनीना सब डिवीजन में शामिल करने की भी मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिणी हरियाणा में 10 साल पहले सभी तालाब व जोहड़ सूखे हुए थे। वर्तमान सरकार ने दक्षिणी हरियाणा का ध्यान रखते हुए तालाबों व जोहड़ों में पानी भरवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 300 टेलों में पानी पहुंचाया गया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि व्यक्तिगत लाभ लेने के लिए भी परिवार पहचान पत्र जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव की ग्रांट भी जनसंख्या के हिसाब से आती है। अगर गांव में किसी 10 परिवारों ने भी अभी तक फैमिली आईडी नहीं बनवाई है तो इस कारण से भी गांव की ग्रांट का कम पैसा आता है। इसलिए सभी फैमिली आईडी अवश्य बनवाएं। उन्होंने कहा कि सुंदरह गांव में 941 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं तथा 35 लोग इसका फायदा उठा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री



# साप्ताहिक सूचना पत्र

अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत 1 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांव सुंदरह में भी इस योजना के तहत 46 परिवारों का चयन किया गया है। इनमें से 29 का लोन स्वीकृत हो गया है तथा 5 लोगों को लोन मिल चुका है। उन्होंने अपने आमजन को बड़ी राहत देते हुए पानी के बकाया बिलों पर जुर्माना और ब्याज माफी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 10 –12 वर्ष पहले जिन परिवारों के पानी के बिल 20 हजार रुपए तक आए हैं, अब उनका ब्याज व जुर्माना माफ होगा केवल पानी का बिल ही देना होगा, वह भी अगर नागरिक चाहे तो किस्तों में दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के लिए 20 रुपए प्रति माह तथा सामान्य श्रेणी के लिए 40 रुपए प्रति माह की दर से पानी के रेट निर्धारित किए गए हैं। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान अटेली के सामुदायिक केंद्र के लिए 3 करोड़ की घोषणा की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र



जन संवाद में माननीय मुख्यमंत्री जी ने शिव धाम नवीनीकरण योजना के तहत प्रदेश के सभी गांवों के शमशान घाट के चारदीवारी व शेड बनाने की घोषणा की। इसी प्रकार जिन गांव में लड़कियां दूसरे गांव में पढ़ने के लिए जाती हैं, उनके लिए हरियाणा परिवहन की बसों का प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में इस कार्य के लिए एक अध्यापक को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर हरियाणा राज्य परिवहन की व्यवस्था नहीं होगी तो उसी गांव के किसी प्राइवेट वाहन से बच्चों को स्कूल पहुंचाया जा सकेगा। इसके लिए हर विद्यार्थी के अनुसार ट्रांसपोर्ट रेट निर्धारित किए जाएंगे। ईस दौरान लगभग 4.8 करोड़ रुपए की लागत से तैयार दो परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें लगभग 249.42 लाख रुपए की लागत से तैयार भीलवाड़ा से कायसा राजस्थान सीमा तक नई सड़क तथा लगभग 159.55 लाख रुपए की लागत से तैयार माता मंदिर महासर से कारिया–कनीना रोड तक बनी सड़क का उद्घाटन शामिल है।

# रेवाड़ी जिला के गांव खंडोड़ा में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 28.07.2023)

**प्रभाव** :माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज शुक्रवार की शाम रेवाड़ी जिला में अपने तीन दिवसीय जनसंवाद कार्यक्रम के पहले दिन बावल विधानसभा क्षेत्र के गांव खंडोड़ा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि पिछले 9 सालों में केंद्र व हरियाणा सरकार ने विकास के काम डबल गति से किए हैं। इस दौरान आमजन के जीवन को सुगम बनाने के लिए सिस्टम बदलने का काम किया है, जिसके चलते आज लोगों की घर बैठे सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। गांव खंडोड़ा में माननीय मुख्यमंत्री जी का पहुंचने पर फूल माला और पगड़ी बांधकर स्वागत हुआ। माननीय मुख्यमंत्री जी ने आयोजन स्थल पर स्वयं सहायता समूह द्वारा





तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा के लिए हमारी सरकार ने ऐसा सिस्टम खड़ा किया है, जिससे आज लोगों को अपने कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ता। आज हर कार्य के लिए ऑनलाइन व्यवस्था तैयार की गई है। उन्होंने परिवार पहचान पत्र कार्यक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि हर परिवार की जो भी जरूरत है, उसे सरकार द्वारा घर बैठे पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के बारे में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में स्वाभिमान के साथ 1 लाख रुपए से कम आमदनी वाले परिवारों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस कार्य के लिए प्रदेश में एक लाख परिवारों का टारगेट निर्धारित किया गया था। इस लक्ष्य का 50 फ़ीसदी हासिल भी किया जा चुका है। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोगों से राज्य सरकार की नीतियों के बारे में फीडबैक भी लिया। प्रदेश के आखिरी छोर पर राजस्थान की सीमा से सटे गांव खंडोड़ा में बड़ी संख्या में युवाओं ने मनोहर सरकार की मेरिट पर भर्ती की नीति का समर्थन किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम में

पहुंचे विभिन्न गांव के सरपंचों को भी अपनी बात रखने का अवसर दिया। जिस पर गांव राजगढ़ के सरपंच ने नहरी जल से गांव में पशुओं के लिए बनाए गए तालाबों को भरवाने की बात रखी। उन्होंने तुरंत ही सरपंच की मांग पर संज्ञान लेते हुए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य की अंतिम सीमा पर बसे सभी गांवों में नहरों से पानी पहुंचाने का एक प्रोजेक्ट तैयार किया जाए। गांव खंडोड़ा में विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि गांव में जल घर का निर्माण, गंदे पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन, स्कूल में शौचालय का निर्माण, नहरी नाले को जोहड़ तक जोड़ने के लिए लाइन, बस क्यू शेल्टर का निर्माण, विलेज नॉलेज सेंटर और सामुदायिक हॉल का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने गत दिनों बरसात से घरों में आई दरारों संबंधी समस्या सुनते हुए कहा कि जिन ग्रामीणों के घरों में इस तरह की समस्या है, ऐसे व्यक्ति क्षति पूर्ति पोर्टल पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, सरकार द्वारा उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा।



# रेवाड़ी जिला के गांव संगवाड़ी में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 29.07.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज रेवाड़ी जिले के गांव संगवाड़ी में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में घोषणा की है कि भविष्य में हर गांव में गंदे पानी की निकासी की समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए पंचायती राज संस्थाएं और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मिलकर कार्य करेंगे और गांव से पानी की निकासी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने विकास कार्यों की झड़ी लगाते हुए गांव में पीएचसी और ग्राम सचिवालय के निर्माण कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम जो कहते हैं, वही करते हैं, जो नहीं हो सकता, वो नहीं कहते हैं। यही उनकी खाशियत है, लोगों को बहकाना उनकी फितरत में नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां भी वे जनसंवाद



# साप्ताहिक सूचना पत्र




कार्यक्रम में जाते हैं या फिर जनसंवाद पोर्टल पर लिखित शिकायत आती हैं, उनका वे स्वयं प्रतिदिन दो घंटे अध्ययन करते हैं। यह पाया गया है कि अधिकांश शिकायतें गांव में गंदे पानी की निकासी से संबंधित होती हैं। इसलिए उन्होंने आज इस समस्या के स्थाई समाधान की घोषणा की। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने माननीय मुख्यमंत्री जी का पगड़ी और फूल माला पहनाकर स्वागत किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के साथ ही अटल सेवा केंद्र का भी अवलोकन किया। गांव के सरपंच राम सिंह की मांग पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने गांव में ग्राम सचिवालय (नॉलेज सेंटर), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक केंद्र और अनुसूचित जाति चौपाल की मरम्मत कराने, नहरी पानी आधारित पेयजल के लिए वाटर वर्क्स में अतिरिक्त टैंक बनवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा आयुष्मान भारत योजना चलाई गई है। यदि यह



योजना शुरू नहीं होती तो पैसे के आभाव में न जाने कितने लोगों को परेशानी उठानी पड़ती। इतना ही नहीं, हरियाणा सरकार ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाते हुए चिरायु हरियाणा योजना की शुरुआत की, जिसके तहत आय सीमा को 1 लाख 20 हजार रुपये से बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार रुपये किया, जिससे इस योजना में 15 लाख परिवार और जुड़े हैं।

जन संवाद कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने 29 जुलाई को जन्मी ज्योति रानी को उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दी। उन्होंने संगवाड़ी के तीन व्यक्तियों को जन्म दिन की बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने परिवार पहचान पत्र को भविष्य की योजनाओं का लाभ लेने में फायदेमंद बताया और एक –एक करके जनता को इससे मिलने वाले फायदों से अवगत कराया।

उन्होंने यह भी कहा कि अब पीपीपी के तहत आटो मोड से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना शुरू हो चुकी है, जिसके अंतर्गत पात्र व्यक्तियों की पेंशन के लिए आयु पूरी होते ही स्वतः पेंशन बन रही है।

सहकारिता एव जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल ने रेवाड़ी जिला में तीन दिवसीय जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया।

# आपकी बेटी–हमारी बेटी योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद

(दिनांक 29.07.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज रेवाड़ी से ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत आपकी बेटी–हमारी बेटी योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर कहा कि बेटियां देश व समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाती हैं। समाज में लडक़ा लडक़ी के भेदभाव को समाप्त करने, लिंगानुपात में सुधार लाने, स्कूलों में बालिकाओं के नामांकन व लड़कियों द्वारा पढ़ाई बीच में छोडऩे की प्रथा को खत्म करने तथा लड़कियों को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से बेटियों के लालन–पालन शिक्षा व कैरियर के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। इसी कड़ी में सरकार ने आपकी बेटी–हमारी बेटी योजना शुरू



# साप्ताहिक सूचना पत्र

की। अब तक 4 लाख 30 हजार 278 लड़कियों को इस योजना का लाभ मिला है। इस के अंतर्गत अनुसूचित जाति तथा गरीब परिवारों को पहली, दूसरी व तीसरी बेटी के जन्म पर 21,000 रुपये तथा अन्य सभी परिवारों को दूसरी व तीसरी बेटी के जन्म पर 21,000 रुपये की राशि दी जाती है।

यह राशि बेटी के नाम भारतीय जीवन बीमा निगम में एकमुश्त जमा करवाई जाती है। लडक़ी की आयु अठारह वर्ष होने पर उसे लगभग 1 लाख रुपये की राशि मिलेगी। लाथार्थियों ने इस अनूठी योजना के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार जताते हुए कहा कि हरियाणा सरकार की इस योजना से परिवार को न केवल वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है, बल्कि संबल भी हासिल हुआ है। बेटी जब 18 वर्ष की होती है तो उसकी तकनीकी अथवा उच्चतर शिक्षा या शादी के लिए काफी पैसे की जरूरत पड़ती है। आपकी बेटी–हमारी बेटी योजना के तहत मिलने वाली राशि उस समय हमारे लिए मददगार साबित होगी। सभी लाभार्थियों को उनके बॉन्ड की लिखित सूचना दी जाएगी कि कब पैसा जमा कराया और कितना पैसा जमा कराया है। बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाले माता–पिता से आज बातचीत करते हुए बड़ी खुशी हो रही है। बेटियों को बचाने, पढ़ाने और आगे बढ़ाने का काम सराहनीय तो है ही, समाज के अन्य लोगों के लिए प्रेरणादायक भी है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत से राष्ट्रव्यापी अभियान बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ शुरू किया था।

राज्य सरकार के साथ–साथ खाप पंचायतें, धार्मिक, सामाजिक संस्थाएँ, गृह विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर कार्य किया। परिणामस्वरूप लिंगानुपात में सुधार हुआ, जो पहले 870 के आसपास था, उसमें सुधार करते हुए 923 तक लाए। वर्तमान में भी यह आंकड़ा 917 से 923 के बीच है। यह एक बहुत बड़ी कामयाबी, जो बेटियां पहले गर्भ में मार दी जाती थी, उनको हमने बचाया है।

अब लडक़ी के जन्म पर खुशी मनाई जाती है। कुंआ पूजन भी किया जाता है और छठी भी मनाई जाती है।

आज के युग में बेटियां अपनी मेहनत और मेधा के दम पर इतिहास रच रही हैं। ज्ञान–विज्ञान का क्षेत्र हो, शिक्षा का क्षेत्र हो, खेल का मैदान हो, राजनीति का क्षेत्र हो या फिर समाज सेवा, महिलाएं आज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री सुश्री कल्पना चावला, प्रथम महिला पायलट प्रियंका बेनीवाल, प्रथम महिला बी.एस.एफ. में असिस्टेंट कमांडेट सौम्या, मिग–29 उड़ाने वाली देश की प्रथम सिविलियन मेघा जैन, प्रथम महिला रोडवेज बस चालक पंकज देवी, प्रथम महिला पहलवान ओलम्पिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक, प्रथम महिला पहलवान राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक विजेता गीता फौगाट, प्रथम महिला पैरालम्पिक रजत पदक विजेता दीपा मलिक, प्रथम महिला एवरेस्ट पर्वतारोही संतोष यादव, प्रथम महिला वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट (डब्लू डब्लू.ई.) रेसलर कविता दलाल, प्रथम महिला अर्जुन पुरस्कार विजेता गीतिका जाखड़, प्रथम महिला भीम पुरस्कार विजेता सुनीता शर्मा, प्रथम महिला मिस वर्ल्ड खिताब विजेता मानुषी छिल्लर, हरियाणा की इन बेटियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर प्रदेश को गौरवान्वित करने का काम किया है।

राज्य सरकार ने बेटी के विवाह के समय भी परिवार की मदद करने के लिए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना चलाई हुई है। विभिन्न वर्गों के बी.पी.एल. परिवारों को उनकी बेटी के विवाह पर 31,000 रुपये से लेकर 71,000 रुपये तक की शगुन राशि दी जाती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना भी चलाई गई है। हमें सिर्फ बेटियों को बचाना ही नहीं है, बल्कि उन्हें पढ़ाना भी है, उन्हें स्वावलंबी भी बनाना है और अपने पैरों पर खड़ा भी करना है। इसके लिए उनका शिक्षित होना जरूरी है। इसलिए सरकार ने बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयास किये हैं।

# रेवाड़ी जिला के गांव धारूहेड़ा में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 29.07.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज रविवार को जिला रेवाड़ी के धारूहेड़ा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में कहा कि राजस्थान के भिवाड़ी से धारूहेड़ा में आने वाले औद्योगिक इकाइयों के केमिकलयुक्त गंदे पानी की समस्या का हर हाल में समाधान किया जाएगा। इस बारे में उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री से स्वयं बात की है और उन्होंने हमें उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है। लेकिन हमने उनसे लिखित में मांगा है ताकि किसी भी स्तर पर ढिलाई न हो। ईससे पहले उन्होंने भिवाड़ी और धारूहेड़ा शहर में मौके पर जाकर गंदे पानी का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस मामले के स्थायी समाधान के लिए रविवार को संबंधित विभागों के आला अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें राजस्थान के अधिकारी भी बुलाए






जाएंगे। इस मामले के समाधान के लिए यदि राजस्थान सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट तक भी लड़ाई लडनी पड़ेगी तो हम उसके लिए तैयार हैं। उन्होंने ने कहा कि भिवाड़ी की तरफ से गंदा पानी धारूहेड़ा की ओर छोडने पर एनजीटी ने राजस्थान पर 45 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया हुआ है, लेकिन उस पर राजस्थान ने कोर्ट से स्टे लिया हुआ है। अब इस स्टे को हटवाने के लिए हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी और भिवाड़ी की तरफ से आने वाले गंदे पानी को हर हाल में रुकवाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि धारूहेड़ा के लोगों के जीवन से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। राजस्थान को इस मामले में उचित कारवाई के लिए 7 दिन का नोटिस दिया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने धारूहेड़ा में जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों का जीवन बेहतर बना रही है। धारूहेड़ा में 6983 आयुष्मान कार्ड बने हैं, जिनमें से 69 लोगों ने बीमार होने पर उपचार लिया है, जिस पर सरकार ने साढ़े 22 लाख रुपए वहन किए हैं। उन्होंने इस दौरान लाभपात्रों से भी बात की। धारूहेड़ा के लोगों की मांग पर घोषणा करते हुए

# साप्ताहिक सूचना पत्र

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जुलाई 2024 तक नया बस स्टैंड बनवा दिया जाएगा। उपयुक्त जगह पर पीएचसी को सीएचसी, नॉर्म पूरा करने वाली अवैध कालोनियों को वैध, फिरनी को पक्का करने के कार्य भी जल्द ही करवा दिए जाएंगे। उन्होंने नेशनल हाई–वे के सर्विस रोड़ को दुरुस्त करने के भी आदेश दिए। उन्होंने बताया कि धारूहेड़ा में वर्तमान सरकार ने 36 करोड़ 76 लाख रुपए के विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान तीन बच्चों रितिक, स्नेहा और संगीता को उनके जन्मदिन पर चॉकलेट और महापुरुषों की जीवनी बुक देकर बधाई दी।

